सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–2

राजभवन देहरादून 07 मार्च, 2023

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) से मंगलवार को राजभवन में राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान की क्षेत्रीय प्रबंधक डॉ. पूनम सिन्हा ने शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने राज्यपाल को संस्थान के मिशन, विजन और उद्देश्यों के साथ–साथ उत्तराखण्ड में क्रियान्वित मुख्य गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

राज्यपाल ने कहा कि उत्तराखण्ड में छोटे एवं मध्यम उद्योगों की बेहतर संभावनाएं हैं। संस्थान को लोगों हेतु उद्यमशीलता और कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण, परामर्श, अनुसंधान पर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि विशेषकर यहां की महिलाओं, युवाओं, पूर्व सैनिकों सहित जेल में कैदियों के लिए कौशल विकास व उद्यमशीलता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये जाय। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के लिए पैकेजिंग, ब्रांडिंग और मार्केटिंग में संस्थान को सहयोग करने को कहा।

राज्यपाल ने कहा कि उद्यमिता के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाय जिससे अन्य लोग भी प्रेरित हो सकें। उन्होंने कहा कि राजभवन में भी उद्यमिता और कौशल विकास विषय पर एक सेमिनार भी आयोजित किया जाय। राज्यपाल ने कहा कि संस्थान के लोगों को रोजगार ढूंढने की बजाय रोजगार प्रदाता की भावना के लिए तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि उद्यमिता की और लोगों को प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया जाय।

............0.............